# श्रवण धाम महोत्सव-2026 की तैयारियों की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

## 18 से 20 जनवरी तक होने वाले भव्य महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी समितियों के तैयारियों के प्रगति की समीक्षा की

**अम्बेडकरनगर।** जनपद अम्बेडकर नगर में दिनांक 18 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले भव्य 'श्रवण धाम महोत्सव-2026' की तैयारियों के संबंध में आज जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव को सुव्यवस्थित, भव्य एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु गठित विभिन्न समितियों के नोडल एवं सहनोडल अधिकारियों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।



जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से श्रवण धाम क्षेत्र को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसे ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा महोत्सव के आयोजन हेतु गठित समस्त 25 समितियों के नोडल अधिकारियों से उन्हें सौंपे गए दायित्वों से संबंधित तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मंच व्यवस्था, अलाव, पेयजल, स्वच्छता, यातायात, पार्किंग, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, अग्निशमन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था, आगंतुकों के आवागमन एवं बैठने की व्यवस्था, अतिथियों के आवास एवं स्वागत, मीडिया समन्वय सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, उन्होंने महोत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर भी प्रभावी कार्ययोजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रवण धाम महोत्सव जनपद की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन को नई दिशा देगा, अतः सभी अधिकारी इसे अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ज्योत्सना बंधु, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी अकबरपुर श्रीमती प्रतीक्षा सिंह, जिला विकास अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, उपनिदेशक कृषि, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, सभी समितियों के नोडल एवं सहनोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन ने उपमन्यु, अलका ,आदि को किया सम्मानित

**मथुरा।** मथुरा बार एसोसिएशन द्वारा एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट, स्पेशल डीसीसी पॉक्सो श्रीमती अलका उपमन्यु, पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर सेल टैक्स एवं अधिवक्ता पोनिया अन्य विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सचिव श्री शिव कुमार शर्मा ने बार कार्यालय में श्री उपमन्यु एवं श्रीमती अलका एवं अन्य विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं प्रशंसा पत्र देकर के सम्मानित किया है। बार एसोसिएशन द्वारा श्री उपमन्यु को दिए गए प्रशंसा पत्र में उनके द्वारा मथुरा न्यायालय प्रांगण में बड़े वाटर कूलर लगवाने एवं वादकारियो को बैठने के लिए सीमेंट की बेंच एवं मथुरा बार एसोसिएशन की प्रकाशित होने वाली डायरेक्टरी के लिए विशेष सहयोग प्रदान कराया है इसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनकी प्रशंसा की गई तथा सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज में 5 बीघा जमीन और प्लॉट नहीं दिया तो विवाहिता को घर से निकाला

**मथुरा।** दहेज में पांच बीघा जमीन और प्लाट की मांग को लेकर दुधमुंहे बच्चे को छीन कर विवाहिता को घर से निकाल देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत ससुरालियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुरीर के गांव औहावा निवासी रश्मि का आरोप है कि उसकी शादी 24 फरवरी 2023 को रवेंद्र निवासी गांव सबलपुर थाना पिसावा जिला अलीगढ़ के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद बेटा हुआ जो अब डेढ़ साल का है, जबकि दूसरा बच्चा पांच माह का है। पति समेत ससुरालियों ने दहेज में पांच बीघा जमीन और दो सौ वर्ग गज का प्लाट मांगना शुरू कर दिया और कहने लगे कि तेरे कोई भाई नहीं है, इसलिए हमने शादी की थी कि खेत मिलेगा। इसी बात को लेकर ससुरालियों ने 29 अगस्त 2025 को मारपीट की और उसके बड़े बच्चे को जबरदस्ती छीन लिया और उसे सुरीर में बस अड्डे पर छोड़ कर चले गए। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर पति रवेंद्र, ससुर केशव, सास शकुंतला और जेठ राजकुमार व वीरेंद्र निवासी गांव सबलपुर थाना पिसावा जिला अलीगढ़ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आरोप की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### वृंदावन होटल के कमरे में मुस्लिम युवक के साथ पकड़ी हिंदू युवती

**मथुरा ।** वृंदावन में दिल्ली से एक युवती को लेकर मुस्लिम युवक दो दिन पहले वृंदावन आया और होटल में ठहर गया। मुस्लिम युवक के साथ हिंदू युवती के आने की सूचना मिलते ही बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद व करणी सेना के पदाधिकारी होटल पहुंचे और लवजिहाद का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। कोतवाली क्षेत्र के छटीकरा मार्ग स्थित प्रेममंदिर के समीप बुधवार दोपहर विहिप, करणी सेना व बजरंग के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक होटल पर पहुंचे और होटल में मुस्लिम युवक के साथ युवती के ठहरे होने पर लवजिहाद के आरोप में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरा खुलवाया। कमरे में दिल्ली के करोलबाग निवासी 21 वर्षीय कैफ मोहम्मद के साथ नेहरू नगर निवासी हिंदू युवती मिली। यह पांच जनवरी को वृंदावन घूमने आए थे और होटल में ठहर गए। पुलिस ने जबरन कमरे का ताला तोड़ युवक-युवती को बाहर निकाला और ओमेक्स पुलिस चौकी लेकर पहुंचे। यहां पुलिस ने युवती के स्वजन को सूचना देकर बुलाया है। पुलिस युवक व युवती के साथ पूछताछ कर रही है। कोतवाली प्रभारी संजय पांडेय ने बताया होटल में मुस्लिम युवक के साथ युवती की सूचना पर कुछ लोगों ने शिकायत की थी।

### अवैध शराब तस्करों को एक कार व भारी मात्रा में अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक डा.दुर्गेश कुमार द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया गया है कि नशीले /मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में कोतवाली जालौन व स्वाट टीम के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्वाट टीम अवैध शराब की तस्करी करने वाले 4 अन्तर्राज्यीय अभियुक्त गणों को गिरफ्तार कर लिया गया है जिनके कब्जे से कुल 40 पेटी म0प्र0 निर्मित देशी शराब क्वार्टर कुल 02 हजार (कीमत लगभग 1,60,000/ एक लाख साठ हजार रुपये) व एक अदद स्कार्पियो कार इत्यादि बरामद कर विधिक कार्यवाही कर धारा आवकारी एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि कस्बा व थाना लहार जिला भिण्ड (म.प्र.) निवासी चन्दन शिवहरे पुत्र मंशाराम शिवहरे व रवि शिवहरे पुत्र राम नरेश शिवहरे, ग्राम छिद्दी थाना लहार जिला भिण्ड निवासी गुड्डू दोहरे पुत्र धर्मजीत दोहरे,ग्राम चितवा थाना चिल्ला जिला दतिया निवासी बृजेन्द्र पाल पुत्र राकेश पाल आदि काफी समय से गिरोह बना कर जिले में अवैध शराब व मादक पदार्थों की सप्लाई करने का काम कर रहे थे जो पुलिस मुखबिर की सूचना पर रंगे हाथों पकड़ा गया।

### सरकारी खलिहान व खाद के गड्ढों में बने अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर



**कालपी (जालौन)।** गुरुवार को उपजिलाअधिकारी मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में चलाए गए अभियान के अंतर्गत ग्राम अकोढी में ग्राम सभा के खलिहान की भूमि से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान दर्जन भर स्थान से अवैध कब्जों को ढहा दिया गया। दोपहर को एसडीएम मनोज कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, लेखपाल भारत सिंह, सत्येंद्र सिंह, थाना आटा एवं इटौरा चौकी की पुलिस अकोढी गांव में पहुंची। यहां पर भूमि का सीमांकन किया गया। ग्राम सभा के कल्याण एवं खाद के गड्ढों की जमीन में बनाए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान जेसीबी मशीन से सरकारी जमीन के अवैध कब्जा को ढहा कर भूमि को मुक्त कर दिया गया।

## जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल, विधायक और प्रधान प्रतिनिधि ने किया वितरण

**सुल्तानपुर।** जनपद के बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बघौना ग्राम सभा में कड़ाके की ठंड के मद्देनजर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में इसौली विधायक ताहिर खान और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जुनेद अहमद की उपस्थिति में हजारों ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर जरूरतमंदों, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं, दिव्यांगजन और असहाय लोग शामिल थे, के चेहरों पर राहत और खुशी साफ दिखाई दी।



उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कंबल दिए गए। प्रधान प्रतिनिधि जुनेद अहमद ने बताया कि इस वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ठंड के मौसम में ग्राम सभा का कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति असहाय न रहे। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जनहित के कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। कंबल वितरण के साथ-साथ, ग्राम सभा में कराए गए विकास कार्यों का विवरण भी ग्रामीणों के सामने प्रस्तुत किया गया। इनमें सड़क, नाली, खड़ंजा, साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्य शामिल थे। प्रधान प्रतिनिधि ने गांव के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर इसौली विधायक ताहिर खान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों का विकास ही जिले और प्रदेश के विकास की नींव होता है। उन्होंने ग्राम प्रधान को गांव और सरकार के बीच की एक मजबूत कड़ी बताया, जो सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाता है। विधायक ने ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के लिए किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने इस आयोजन के लिए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और विधायक का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## सार्वजनिक स्थलों पर बांटे स्वदेशी-विदेशी उत्पादों के पंपलेट्स

**सुलतानपुर।** गुरुवार को स्वदेशी जागरण मंच की विभाग सह महिला प्रमुख नीलम त्रिपाठी ने दरियापुर स्थित रिलायंस ट्रेंड्स शॉपिंग मॉल में व चौक घंटाघर आदि सार्वजनिक स्थलों पर स्वदेशी और विदेशी उत्पादों से संबंधित पर्चे (पंपलेट्स) लोगों को वितरित किए। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वदेशी सामानों के महत्व और उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करना है। नीलम त्रिपाठी ने विशेष रूप से महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने घरों में केवल स्वदेशी सामग्री का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक धर्मेंद्र द्विवेदी, विभाग सह संयोजक राजीव तिवारी और विचार विभाग प्रमुख डॉ. अशोक मिश्रा के निर्देश पर आयोजित किया गया।

## त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली आंशिक संशोधित अवधि 20 फरवरी तक

**मथुरा ।** जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ एवं मा0 राज्य निर्वाचन आयुक्त उत्तर प्रदेश के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण हेतु आंशिक संशोधन समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये है। उक्त के दृष्टिगत आंशिक संशोधित तिथियां निम्नवत है।

दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन / निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि दिनांक 07 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक है। दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्द्रों / स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही दिनांक 21 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक है।मतदाता सूचियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, स्ड्कह आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियॉ कराने आदि हेतु दिनांक 17 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 तक है।निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन दिनांक 28 मार्च 2026 को किया जाएगा। निम्नांकित समय सारिणी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि निर्वाचक नामवली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगें तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

## यूटा डकोर की ब्लॉक कार्यकारिणी ने बीईओ से की शिष्टाचार भेंट

### नववर्ष की शुभकामनाएं दीं, संगठनात्मक मुद्दों पर हुई चर्चा



**डकोर (जालौन)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (यूटा) डकोर ब्लॉक की कार्यकारिणी ने बुधवार को बीआरसी मड़ौरा पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रीति राजपूत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बुके भेंट किया और मिष्ठान्न खिलाया। संगठन की ओर से हुई औपचारिक वार्ता में शैक्षिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।

विशेष अवसर पर कृष्ण कुमार दीक्षित द्वारा बीईओ को मातारानी की चुनरी भेंट की गई। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश टीम से सुशील राजपूत एवं जिला टीम से रोहित भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा यूटा पदाधिकारियों ने आदरणीय डीसी चौधरी से भी मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कृष्ण कुमार दीक्षित,मनीष ओझा, जावेद, गौरव, राजेश गुप्ता, अरविंद पांचाल, श्वेता मौर्या, सुशील राजपूत, रोहित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

### श्री सत्यनारायण वाटिका में सात दिवसीय श्रीरामकथा का शुभारंभ

**उरई (जालौन)।** ग्राम कुकरगांव स्थित श्री सत्यनारायण वाटिका में आयोजित सात दिवसीय श्रीरामकथा (श्रीमद्भागवत कथा) के शुभारंभ के अवसर पर बुधवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।



सुबह करीब 11 बजे मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा शुरू हुई। इसमें 108 महिलाएं व बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए चल रही थीं। यात्रा में घोड़े, गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु नाचते-झूमते हुए आगे बढ़े। पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः श्री सत्यनारायण वाटिका पहुंचकर संपन्न हुई।

यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में हवन-पूजन कराया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। दोपहर बाद श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन वृंदावन (उत्तर प्रदेश) से पधारे कथावाचक श्री धन्वंतरी दास महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा का आयोजन 7 दिनों तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान संत समागम भी रहेगा। कथा में पारीक्षित की भूमिका श्रीमती सरिता पत्नी चौ. कुलदीप नारायण दुबे (राजू) कुकरगांव एवं श्रीमती भावना पत्नी चौ. रामजी दुबे (काजू) कुकरगांव निभा रही हैं। कार्यक्रम में राजू पाठक, सत्येंद्र पस्तोर, अवधेश कुमार, मनीष व्यास, अजय श्रीवास्तव, ओमप्रकाश राठौर, विनय गुप्ता, केके शुक्ला, कपिल गुमावली, लक्ष्मीनारायण, श्यामनारायण, विनोद कुमार मिश्रा, अनुरुद्ध कुमार दुबे, आनंद कुमार, जितेंद्र कुमार, आशीष, राघवेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एसपी के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने फुट मार्च कर सतर्कता बनाये रखने के निर्देश दिये

**कालपी जालौन।** बीती देर शाम को पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में स्थानीय नगर में पुलिस जवानों ने बाजारों,सार्वजनिक स्थानों तथा सड़कों में फुट मार्च करके थानेदारों एवं सिपाहियों को सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिये। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शाम करीब सात बजे पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की अगुवाई में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह,टरनंनगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल समेत पुलिस जवानों ने कालपी नगर के फुल पावर चौराहा में एकत्रित हो गये। यही से बाईपास हाईवे सर्विस लेन, डाकघर, नगर पालिका चौराहा, टरनंनगंज बाजार, मूंगफली मंडी, सर्राफा बाजार, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों में घूम घूम कर पैदल मार्च किया। कोतवाली भवन में पहुंच कर फुट मार्च का समापन हुआ।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन, दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित

**एटा।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेमरंजन के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर नियमानुसार कर दिया गया है। आयोग द्वारा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है।

इस अवधि में ऐसे सभी पात्र नागरिक, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा किसी कारणवश मतदाता सूची से विलोपित हो गया है, अपने निकटतम मतदेय स्थल पर तैनात बी.एल.ओ. से संपर्क कर प्रारूप-6 (नया पंजीकरण), प्रारूप-7 (अपमार्जन) एवं प्रारूप-8 (संशोधन) के माध्यम से आवश्यक अभिलेखों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने यह भी बताया कि ऐसे युवा मतदाता जिनकी आयु 01 जनवरी 2026, 01 अप्रैल 2026, 01 जुलाई 2026 अथवा 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है या पूर्ण कर चुके हैं, वे भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने हेतु पात्र नागरिक मोबाइल ऐप अथवा निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https// voters. eci.gov.in के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे अधिक से अधिक पात्र नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सकें।

**जिला दिशा समिति की बैठक 09 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में:** एटा, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने अवगत कराया है कि केन्द्रीय राज्य मंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार एवं मा. सांसद लोकसभा क्षेत्र-आगरा प्रो. एस.पी. सिंह बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) एटा की बैठक दिनांक 09 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, एटा में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## अर्द्ध सैनिक कैंटीन का विधिवत पूजन के साथ हुआ उदघाटन



**उरई(जालौन)।** अर्द्ध सैनिक कैंटीन सुपर बाजार का चुर्खी रोड बाईपास के पहले यात्री प्रतीक्षालय के सामने बघौरा उरई में वनखण्डी देवी शक्ति पीठ कालपी धाम के महन्त श्री जमुनादास जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में विधिवत पूजन के साथ भव्य शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन एवं सुन्दर काण्ड पाठ संगीत पार्टी द्वारा संगीतमयी प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त कैंटीन के संचालक प्रोपराइटर श्री प्रेमपाल सिंह सेंगर ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अर्द्ध सैनिक कैंटीन में आर्मी,यू.पी. पुलिस,यू.पी.फोरेस्ट, जेल, एन.सी.सी.एवं समस्त उप भोक्ताओं को किफायती कीमत पर जनरल स्टोर व किराना का सभी सामग्री व मशाले मिलेंगे। उदघाटन समारोह में मुख्य रूप से कृष्ण पाल सिंह सेंगर, ओमनारायण सिंह सेंगर, धर्मवीर सिंह सेंगर, विनोद कुमार मिश्रा पत्रकार जालौन जिलाध्यक्ष भारतीय पत्रकार कल्याण परिषद संपूर्ण भारत, प्रबुद्ध नागरिक, अधिवक्ता गण, सेवानिवृत्त पुलिस, आर्मी आदि के लोगों शामिल होकर कैंटीन की प्रगति हेतु शुभकामनाएं दी।

## कादीपुर लीग में रांची-लखीमपुर विजयी

### रोमांचक मुकाबलों में अयोध्या, आंबेडकर नगर को हराया

**सुल्तानपुर।** जनपद के कादीपुर स्थित मिडिल स्कूल खेल प्रांगण में आयोजित कादीपुर क्रिकेट लीग 2025-26 के नौवें दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मैचों में रांची और लखीमपुर खीरी की टीमों ने जीत दर्ज की। दिन का पहला मैच रांची और अयोध्या के बीच हुआ, जिसमें रांची ने 21 रनों से जीत हासिल की। रांची के गेंदबाज वरुण कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफद मैच चुना गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची की टीम ने 15 ओवर में 96 रन बनाए। मृत्युंजय ने सर्वाधिक 21 रन, सुनील ने 16 और वरुण ने 13 रनों का योगदान दिया।



अयोध्या की ओर से सकलेन ने 3 और जावेद ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अयोध्या की टीम 13.4 ओवर में 75 रन पर ऑलआउट हो गई। अयोध्या के लिए श्रवण जायसवाल ने 40 रन की पारी खेली। रांची के वरुण कुमार ने 5 विकेट झटके, जबकि सुनील सिंह और आदित्य सिंह को 2-2 विकेट मिले। दूसरा मुकाबला लखीमपुर और आंबेडकर नगर के बीच खेला गया, जिसमें लखीमपुर खीरी ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। लखीमपुर के संदीप सिंह को 4 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आंबेडकर नगर की टीम 14.3 ओवर में 98 रन पर सिमट गई।

अकूब ने 25, राज ने 18 और कासिफ ने 17 रन बनाए। लखीमपुर की ओर से संदीप सिंह ने 4 विकेट हासिल किए। 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखीमपुर खीरी ने 12.3 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। अरमान आलम ने 44 और सुरेंद्र शर्मा ने 29 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैचों में अंपायर की भूमिका नूर मोहम्मद और इब्राहिम खान ने निभाई। शुभेंदु सिंह ने स्कोरर का कार्यभार संभाला, जबकि बांके सिंह, नदीम अहमद और रोशन सिंह ने कमेंट्री की। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगेलू राम सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और दर्शक मौजूद रहे। आयोजन के प्रमुख धीरज मिश्रा और संरक्षक प्रभुराज सिंह की उपस्थिति भी।